## रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/01/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

### Section : General Science

**Q.1** **स्तंभ A को स्तंभ B से सुमेलित कीजिए।**

| स्तंभ A | स्तंभ B |
|---|---|
| A. अम्ल | 1. जल में $OH^-$ आयन उत्पन्न करता है |
| B. क्षार | 2. जल में $H^+$ (या $H_3O^+$) आयन उत्पन्न करता है |
| C. अम्ल + क्षार | 3. नमक और जल बनाता है (उदासीनीकरण) |
| D. दोनों विद्युत का संचालन करते हैं | 4. विलयन में आयनों की उपस्थिति के कारण |

**Ans**
✔ A. A-2; B-1; C-3; D-4
✘ B. A-4; B-3; C-2; D-1
✘ C. A-3; B-4; C-1; D-2
✘ D. A-2; B-1; C-4; D-3

**Q.2** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, कोयले और पेट्रोलियम की उत्पत्ति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

**Ans**
✘ A. उच्च दाब में ज्वालामुखीय शैलों का अपघटन
✘ B. सूर्य के प्रकाश में वन की लकड़ी का संहनन
✘ C. समुद्र-तल के नीचे खनिजों का क्रिस्टलन
✔ D. मिलियन वर्षों तक उच्च तापमान और दाब में पादपों और जंतुओं का जीवाश्मीकरण

**Q.3** **निम्नलिखित में से कौन-सा अल्कोहल सामान्यतः ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है?**

**Ans**
✘ A. मेथनॉल (Methanol)
✘ B. ब्यूटेनॉल (Butanol)
✘ C. प्रोपेनॉल (Propanol)
✔ D. इथेनॉल (Ethanol)

**Q.4** अभिकथन (A) और कारण (R) से लेबल किए गए निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन **(A):** पौधों में कई पीढ़ियों तक प्रजातियों के सांतत्य बनाए रखने के लिए लैंगिक प्रजनन आवश्यक है।
कारण **(R):** लैंगिक प्रजनन आनुवंशिक विविधता को जन्म देता है जो अनुकूलनशीलता और विकासीय स्वस्थता को बढ़ाता है।

**Ans**
- ✗ A. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) का सही सही नहीं है।
- ✓ B. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
- ✗ C. अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।
- ✗ D. अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

**Q.5** निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग निलंबन से कणों को अलग करने के लिए किया जाता है?

**Ans**
- ✓ A. निस्पंदन
- ✗ B. क्रिस्टलीकरण
- ✗ C. वाष्पीकरण
- ✗ D. आसवन

**Q.6** कौन-सी घटना परासरण में कोशिका भित्ति की भूमिका को दर्शाती है?

**Ans**
- ✗ A. प्रकाश संश्लेषण के दौरान पर्णहरित द्वारा प्रकाश का अवशोषण
- ✓ B. जीवित पादप कोशिकाओं द्वारा जल त्यागने पर देखा जाने वाला जीवद्रव्यकुंचन
- ✗ C. पत्तियों के रंध्रों द्वारा गैसों का विनिमय
- ✗ D. कोशिका झिल्ली के माध्यम से गैसों का विसरण

**Q.7** निम्नलिखित में से किन कोशिकाओं में लवक (Plastids) अनुपस्थित होते हैं?

**Ans**
- ✗ A. मूल कोशिका
- ✗ B. स्टेम कोशिका
- ✗ C. पत्ती कोशिका
- ✓ D. पेशी कोशिका

**Q.8** एल्वियोली __________ के एक व्यापक नेटवर्क से घिरी होती है, जहां __________ का आदान-प्रदान होता है।

**Ans**
- ✗ A. श्वसनी; वायु
- ✗ B. तंत्रिकाओं; आवेगों
- ✗ C. पेशियों; दाब
- ✓ D. केशिकाओं; गैसों

**Q.9** X Ω प्रतिरोध वाले एक धातु के तार के सिरों पर V वोल्ट का विभवांतर आरोपित करने पर I एम्पीयर धारा प्रवाहित होती है। निम्नलिखित में से X, I और V के बीच कौन सा संबंध सही है?

**Ans**
- ✗ A. X = I/V
- ✗ B. X = I – V
- ✗ C. X = I + V
- ✓ D. X = V/I

**Q.10** किसी गतिशील वस्तु पर घर्षण द्वारा किया गया कार्य सामान्यतः __________ होता है।

**Ans**
- ✓ A. ऋणात्मक
- ✗ B. धनात्मक और ऋणात्मक दोनों
- ✗ C. शून्य
- ✗ D. धनात्मक

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन-सा विद्युत शक्ति (P) के लिए सही व्यंजक नहीं है?

**Ans**

✗ A. $P = V \times I$

✓ B. $P = I \times R^2$

✗ C. $P = \frac{V^2}{R}$

✗ D. $P = I^2 \times R$

**Q.12** कणों के बीच आकर्षण बल ठोसों में __________, द्रवों में __________ और गैसों में ________ होते हैं।

**Ans**

✗ A. अधिकतम, मध्यवर्ती, अधिकतम

✓ B. अधिकतम, मध्यवर्ती, न्यूनतम

✗ C. अधिकतम, न्यूनतम, न्यूनतम

✗ D. अधिकतम, न्यूनतम, मध्यवर्ती

**Q.13** सोडियम और ऐलुमिनियम जैसी धातुओं, जो कि सक्रियता श्रेणी में सबसे ऊपर हैं, के निष्कर्षण के लिए किस विधि का उपयोग किया जाता है?

**Ans**

✓ A. उनके गलित क्लोराइड या ऑक्साइड का विद्युत अपघटनी अपचयन

✗ B. कार्बन के साथ अपचयन

✗ C. उनके सल्फाइड अयस्कों का भर्जन

✗ D. उनके कार्बोनेट अयस्कों का निस्तापन

**Q.14** 1 डायोप्टर शक्ति वाला लेंस क्या दर्शाता है?

**Ans**

✗ A. इसका आवर्धन 1 है।

✗ B. इसकी फोकस दूरी 1 cm है।

✗ C. इसकी फोकस दूरी 100 m है।

✓ D. इसकी फोकस दूरी 1 m है।

**Q.15** पुष्प का कौन-सा भाग विकासशील कली (Bud) को परिबद्ध करता है तथा उसे शील्ड करता है?

**Ans**

✓ A. बाह्य दल (Sepal)

✗ B. पुंकेसर (Stamen)

✗ C. स्त्रीकेसर (Pistil)

✗ D. पंखुडी (Petal)

**Q.16** औसत गति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**

✗ A. यह कुल दूरी को कुल समय से विभाजित करने पर प्राप्त होती है।

✗ B. यह गति की दिशा पर निर्भर नहीं करती है।

✓ C. यह दूरी में परिवर्तन को वेग में परिवर्तन से विभाजित करने पर प्राप्त परिणाम है।

✗ D. इसे m/s में मापा जाता है।

**Q.17** स्थिर अनुपात का नियम, _______ पर लागू होता है।

**Ans**

✗ A. मिश्रण और यौगिक दोनों

✗ B. तत्व

✗ C. पदार्थों के मिश्रण

✓ D. शुद्ध रासायनिक यौगिक

**Q.18** एक खाद्य श्रृंखला घास → टिड्डा → मेंढक → साँप → बाज से शुरू होती है। बाज में अजैवनिम्नीकरणीय पीड़कनाशियों की कितनी सांद्रता अपेक्षित है?

**Ans**

✗ A. पीड़कनाशी का कोई अवशिष्ट नहीं

✓ B. पीड़कनाशियों की उच्चतम सांद्रता

✗ C. पीड़कनाशी अवशिष्ट की निम्नतम मात्रा

✗ D. मेंढक जितनी पीड़कनाशी की सांद्रता

**Q.19** हम मेघगर्जन की ध्वनि सुनने से पहले बिजली की चमक क्यों देखते हैं?

**Ans**

- ✗ A. प्रकाश ध्वनि से अधिक चमकीला होता है
- ✓ B. ध्वनि, प्रकाश से धीमी चाल से गमन करती है
- ✗ C. प्रकाश, ध्वनि से धीमी चाल से गमन करता है
- ✗ D. प्रकाश और ध्वनि समान चाल से गमन करते हैं

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा क्रॉस, F1 पीढ़ी में सभी विषमयुग्मजी संतानें उत्पन्न करेगा?

**Ans**

- ✗ A. Tt × Tt
- ✗ B. TT × TT
- ✓ C. TT × tt
- ✗ D. tt × tt

**Q.21** दो न्यूरॉन (neurons) के बीच के अंतराल को क्या कहते हैं?

**Ans**

- ✗ A. ल्यूमेन (Lumen)
- ✓ B. सिनेप्स (Synapse)
- ✗ C. अंतरकला अवकाश (Intermembrane space)
- ✗ D. स्ट्रोमा (Stroma)

**Q.22** बारिश के बाद आकाश में इंद्रधनुष बनता है, जो ...................के कारण होता है।

**Ans**

- ✗ A. जल द्वारा प्रकाश का अवशोषण
- ✓ B. वर्षा की बूंदों द्वारा प्रकाश का अपवर्तन और परिक्षेपण
- ✗ C. वायु द्वारा प्रकाश का प्रकीर्णन
- ✗ D. केवल परावर्तन

**Q.23** जब किसी वस्तु को किसी तरल में रखा जाता है, तो उस पर ऊपर की दिशा में एक बल लगता है जिसे उत्प्लावकता कहते हैं। इस उत्प्लावन बल का परिमाण किस कारक पर निर्भर करता है?

**Ans**

- ✓ A. तरल के घनत्व पर
- ✗ B. वस्तु की आकृति पर
- ✗ C. केवल वस्तु के वजन पर
- ✗ D. वस्तु के रंग पर

**Q.24** संवेग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans**

- ✗ A. संवेग की SI इकाई किलोग्राम प्रति सेकंड है।
- ✓ B. संवेग में परिमाण और दिशा दोनों होते हैं।
- ✗ C. संवेग में केवल परिमाण होता है, दिशा नहीं होती।
- ✗ D. संवेग द्रव्यमान और वेग का योग है।

**Q.25** एक प्रकार्यात्मक समूह का सही उदाहरण चुनें जो अपनी संरचना में किसी भी दोहरे आबंध को निरूपित नहीं करता है।

**Ans**

- ✗ A. प्रोपेनोन
- ✗ B. प्रोपेनल
- ✗ C. प्रोपेनॉइक अम्ल
- ✓ D. प्रोपेनॉल

Section : **Mathematics**

**Q.26** दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7% वार्षिक की दर से ऋण देते हैं। सलिल ने प्रत्येक बैंक से ₹4,80,000 उधार लिए। 4 वर्षों के बाद सलिल द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 67,200
- ✘ B. 66,700
- ✘ C. 68,200
- ✘ D. 68,700

**Q.27** दिलीप के पास कुछ मुर्गियाँ और कुछ बकरियाँ हैं। यदि पशुओं के सिरों की कुल संख्या 33 और पशुओं के पैरों की कुल संख्या 82 है, तो दिलीप के पास कितनी बकरियाँ हैं?

**Ans**
- ✘ A. 6
- ✘ B. 5
- ✔ C. 8
- ✘ D. 7

**Q.28** पाइप A एक टंकी को 18 घंटे में भर सकता है और पाइप B इसे 12 घंटे में भर सकता है। हालाँकि, टंकी में एक रिसाव है जो इसे 36 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइप और रिसाव सक्रिय हैं, तो टंकी के $\frac{1}{3}$ भाग को भरने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✘ A. 2 घंटे
- ✘ B. 1 घंटा
- ✔ C. 3 घंटे
- ✘ D. 4 घंटे

**Q.29** यदि किसी संख्या के $\frac{3}{8}$ के 50% का 80%, 537 है। तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 3580
- ✘ B. 5110
- ✘ C. 5640
- ✘ D. 5610

**Q.30** यदि a+b+c=14, ab+bc+ca=47 और abc=15 है, तो $a^3 + b^3 + c^3$ का मान कितना है?

**Ans**
- ✘ A. 802
- ✘ B. 859
- ✔ C. 815
- ✘ D. 851

**Q.31** किसी चतुर्भुज WXYZ में, ∠W = 74° और ∠X = 58° है। ∠Y और ∠Z के समद्विभाजक O पर मिलते हैं। ∠ZOY की माप कितनी होगी?

**Ans**
- ✘ A. 68°
- ✔ B. 66°
- ✘ C. 59°
- ✘ D. 60°

**Q.32** दस वर्ष पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी थी। अब से दस वर्ष बाद, उसकी आयु उसके पुत्र से दोगुनी होगी। पुत्र की वर्तमान आयु कितनी है?

**Ans**
- ✘ A. 25 वर्ष
- ✘ B. 45 वर्ष
- ✔ C. 30 वर्ष
- ✘ D. 40 वर्ष

Q.33 किसी परीक्षा में, B को 50 अंक प्राप्त हुए जबकि A को 75 अंक प्राप्त हुए, जो अधिकतम 95 अंकों में से थे। B के अंक A के अंकों के कितने प्रतिशत थे? (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ A. 150.46%
- ✗ B. 95.27%
- ✓ C. 66.67%
- ✗ D. 78.95%

Q.34 1, 3 और 6 के चतुर्थानुपाती तथा 12 और 3 के माध्यानुपाती के बीच अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3 : 2
- ✗ B. 1 : 6
- ✓ C. 3 : 1
- ✗ D. 2 : 2

Q.35 एक खुदरा विक्रेता अपने ग्राहकों को एक वस्तु पर निम्नलिखित छूट स्कीमें प्रदान करता है। कौन-सी स्कीम ग्राहक के लिए सबसे कम लाभदायक होगी?
i. 37% की छूट
ii. 33% की छूट के बाद 43% की छूट
iii. 46% और 22% की क्रमिक छूट

Ans
- ✗ A. स्कीम iii
- ✓ B. स्कीम i
- ✗ C. स्कीम i और स्कीम iii
- ✗ D. स्कीम ii

Q.36 एक व्यापारी कुछ सामान ₹200 में खरीदता है। यदि ऊपरी व्यय लागत मूल्य का 10% है, तो 25% लाभ कमाने के लिए उसे किस मूल्य पर बेचना चाहिए?

Ans
- ✓ A. ₹275
- ✗ B. ₹280
- ✗ C. ₹285
- ✗ D. ₹270

Q.37 P और Q मिलकर एक टंकी को 12 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले टंकी को 14 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी का एक-चौथाई भाग कितने घंटे में पानी से भरेगा?

Ans
- ✗ A. 43
- ✗ B. 22
- ✓ C. 21
- ✗ D. 42

Q.38 निम्नलिखित को सरल कीजिए:
$36 - 30 + 300.3 - 0.26$

Ans
- ✗ A. 305
- ✗ B. 306.3
- ✓ C. 306.04
- ✗ D. 306

**Q.39** यदि $\cot\theta = \frac{14}{3}$ है, तो $\cos\theta$ का मान ज्ञात कीजिए। $(0^\circ < \theta < 90^\circ)$

**Ans**

- ✗ A. $\frac{3}{14}$
- ✗ B. $\frac{3}{\sqrt{205}}$
- ✗ C. $\frac{1}{7}$
- ✓ D. $\frac{14}{\sqrt{205}}$

**Q.40** यदि $2^{3m} \times 8 = 2^9$ और $3^{2n} \times 9 = 3^6$ है, तो $\frac{m}{n}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. $2$
- ✗ B. $\frac{2}{3}$
- ✓ C. $1$
- ✗ D. $\frac{3}{2}$

**Q.41** दो सहअभाज्य पूर्णांकों (coprime integers) के सभी संभावित भिन्न युग्मों की संख्या ज्ञात कीजिए, जिनका गुणनफल 180 हो।

**Ans**

- ✓ A. 4
- ✗ B. 5
- ✗ C. 2
- ✗ D. 3

**Q.42** एक कार की 1 घंटे तक 70 km/hr और $1\frac{1}{2}$ घंटे तक 'p' km/hr की चाल से चलने की औसत चाल 55 km/hr है। p का मान (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. 65
- ✓ B. 45
- ✗ C. 57.5
- ✗ D. 62.5

**Q.43** यदि दिए गए आँकड़ों का बहुलक 22.75 है, तो संचयी बारंबारता (x<9) ज्ञात कीजिए।

| वर्ग-अंतराल | 0-7 | 7-14 | 14-21 | 21-28 | 28-35 | 35-42 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 1 | 7 | 9 | 11 | x | 3 |

**Ans**

- ✗ A. 42
- ✗ B. 28
- ✓ C. 36
- ✗ D. 50

**Q.44** ईंधन की कीमत तीन क्रमिक माहों में 45%, 60% और 55% कम हो जाती है, लेकिन चौथे माह में 50% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे माह में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई?

**Ans**

- ✗ A. 91.17% की वृद्धि
- ✗ B. 82.11% की वृद्धि
- ✗ C. 80.63% की कमी
- ✓ D. 85.15% की कमी

**Q.45** एक त्रिभुज ABC की भुजाएं क्रमशः AB = 5 cm, BC = 6 cm और CA = 7 cm हैं। त्रिभुज ABC की भुजाओं के मध्य-बिंदुओं को मिलाकर एक दूसरा त्रिभुज बनाया जाता है। दूसरे त्रिभुज का परिमाप cm में ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 9
- ✘ B. 15
- ✘ C. 18
- ✘ D. 12

**Q.46** यदि 602 केले तीन बंदरों के बीच $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{6}$, के अनुपात में वितरित किए गए, तो पहले बंदर को कितने केले मिले?

**Ans**
- ✘ A. 311
- ✘ B. 281
- ✘ C. 271
- ✔ D. 301

**Q.47** 34 m × 10 m × 26 m विमा वाले एक घनाभाकार टैंक का आयतन ($m^3$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 8840
- ✘ B. 8868
- ✘ C. 8886
- ✘ D. 8835

**Q.48** एक साइकिल सवार 12 km/hr की चाल से 60 km दूर एक कस्बे तक यात्रा करता है। साइकिल सवार द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 5 घंटे
- ✘ B. 4 घंटे
- ✘ C. 5.5 घंटे
- ✘ D. 4.5 घंटे

**Q.49** प्रेक्षणों 95, 45, 85, 45, 51, 85, 84, 66 और 47 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 71
- ✘ B. 59
- ✔ C. 67
- ✘ D. 69

**Q.50** 16% और 7% की क्रमिक छूट, _______ एकल छूट के बराबर है।

**Ans**
- ✘ A. 20.42%
- ✘ B. 25.42%
- ✔ C. 21.88%
- ✘ D. 20.45%

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'G # E # C + K # P' है, तो K का G से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. बहन की पुत्री
- ✗ B. माता के पिता
- ✗ C. माता की माता
- ✓ D. माता की बहन

Q.52 **छह व्यक्ति P, Q, R, S, T और U एक गोल मेज के चारों ओर उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।**
**S और T के बीच ठीक दो व्यक्ति बैठे हैं।**
**U, T के ठीक बाएं बैठा है।**
**R, S और Q दोनों का निकटतम पड़ोसी है।**
**S और U दोनों का निकटतम पड़ोसी कौन है?**

Ans
- ✓ A. P
- ✗ B. Q
- ✗ C. T
- ✗ D. R

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

NEU RHW VKY ZNA ?

Ans
- ✓ A. DQC
- ✗ B. EPD
- ✗ C. CQD
- ✗ D. CRB

Q.54 शहर G, शहर F के उत्तर में है। शहर H, शहर F के पूर्व में है। शहर I, शहर H के उत्तर में है। शहर J, शहर I के पूर्व में है। शहर K, शहर J के पूर्व में है। शहर F के सापेक्ष शहर K की स्थिति क्या है?

Ans
- ✗ A. उत्तर
- ✓ B. उत्तर-पूर्व
- ✗ C. दक्षिण
- ✗ D. दक्षिण-पूर्व

Q.55 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

3 9 ? 81 243 729

Ans
- ✗ A. 26
- ✗ B. 25
- ✗ C. 28
- ✓ D. 27

| | |
|---|---|
| Q.56 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ घड़ियाँ, अंजीर हैं।<br>सभी जहाज, राजा हैं।<br>कोई अंजीर, जहाज नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ राजा, अंजीर नहीं हैं।<br>(II): कुछ घड़ियाँ, जहाज हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है<br>✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है<br>✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं<br>✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |

| | |
|---|---|
| Q.57 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>157 134 111 88 65 ? |
| Ans | ✗ A. 44<br>✗ B. 40<br>✓ C. 42<br>✗ D. 46 |

| | |
|---|---|
| Q.58 | सात मित्र, L, M, N, O, Q, R और S, एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। L और O के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। N के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। N और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q और L दोनों का निकटतम पड़ोसी M है। O के ठीक बाईं ओर पड़ोस में R बैठा है। S और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ A. एक<br>✗ B. तीन<br>✗ C. दो<br>✓ D. चार |

| | |
|---|---|
| Q.59 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>59 – 72 × 8 + (64 ÷ 4) × 8 – 16 ÷ 3 = ? |
| Ans | ✗ A. 110<br>✗ B. 68<br>✗ C. 96<br>✓ D. 84 |

| | |
|---|---|
| Q.60 | निशांत बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 45 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 44 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 60 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 56 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 15 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
| Ans | ✗ A. पश्चिम में 11 km<br>✗ B. पूर्व में 10 km<br>✓ C. पूर्व में 12 km<br>✗ D. उत्तर में 13 km |

Q.61 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर C बैठा है। C का निकटतम पड़ोसी F है। C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर E बैठा है। E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में A बैठा है। पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. F
- ✓ B. B
- ✗ C. A
- ✗ D. E

Q.62 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'how are you' को 'pl mk jt' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'where you are' को 'jt mk sq' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'where' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✓ A. sq
- ✗ B. pl
- ✗ C. jt
- ✗ D. mk

Q.63 उस सेट का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार से निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(8, 25, 16)
(13, 35, 26)

Ans
- ✗ A. (9, 9, 18)
- ✗ B. (7, 23, 32)
- ✗ C. (17, 43, 52)
- ✓ D. (15, 39, 30)

Q.64 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

FO-HQ-KM
HQ-JS-MO

Ans
- ✓ A. JS-LU-OQ
- ✗ B. JS-LU-OR
- ✗ C. IS-LV-OR
- ✗ D. IS-LU-OR

Q.65 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 687 652 691 287 286 (दाएं)

(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की ओर किए जाएं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 15
- ✗ B. 16
- ✗ C. 19
- ✗ D. 17

**Q.66** सात डिब्बे, D, E, F, U, V, W और X, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल U को D के ऊपर रखा गया है। D और F के बीच केवल V को रखा गया है। E के नीचे कोई डिब्बा नहीं रखा गया है। D और W के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। X और E के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. तीन

**Q.67** यदि संख्या 612374 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी विषम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 19
- ✗ B. 17
- ✗ C. 13
- ✓ D. 15

**Q.68** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. UP - OI
- ✗ B. QL - KF
- ✗ C. TO - NI
- ✗ D. VQ - PK

**Q.69** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. HK–KQ
- ✗ B. TW–XA
- ✗ C. DG–HK
- ✗ D. GJ–KN

**Q.70** उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े सभी 62 व्यक्तियों की एक पंक्ति, श्लोक दाएँ छोर से 20वें स्थान पर है, जबकि बिप्लोव बाएँ छोर से 45वें स्थान पर है। श्लोक और बिप्लोव के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 4
- ✗ C. 2
- ✗ D. 3

**Q.71** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से NETI का संबंध XODS से है। उसी प्रकार, BSHW का संबंध LCRG से है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, FWLA का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. PKLO
- ✓ B. PGVK
- ✗ C. PVHY
- ✗ D. PGBN

| | | |
|---|---|---|
| Q.72 | IB 16 का संबंध एक निश्चित तरीके से ME 13 से है। उसी प्रकार, OH 25 का संबंध SK 22 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UN 28 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? | |
| Ans | ✗ A. ZP 25<br>✗ B. ZP 26<br>✓ C. YQ 25<br>✗ D. YQ 26 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.73 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>8 12 21 37 ? 98 | |
| Ans | ✗ A. 65<br>✓ B. 62<br>✗ C. 68<br>✗ D. 66 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.74 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'rat able run' को ' ei bm wx' के रूप में और 'cap rat ant' को 'bm iy ve' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'rat' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा? | |
| Ans | ✗ A. wx<br>✗ B. iy<br>✓ C. bm<br>✗ D. ei | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.75 | यदि संख्या 5718436 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 3 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंक के बीच का अंतर कितना होगा? | |
| Ans | ✗ A. 7<br>✓ B. 8<br>✗ C. 6<br>✗ D. 9 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.76 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br><br>(बाएं) 4 3 8 6 5 2 6 9 8 3 4 2 3 5 8 7 2 3 9 7 9 3 2 8 7 6 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद एक अभाज्य संख्या है? | |
| Ans | ✗ A. एक<br>✗ B. तीन से अधिक<br>✓ C. तीन<br>✗ D. दो | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.77 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>HO22 JQ31 LS40 NU49 ? | |
| Ans | ✓ A. PW58<br>✗ B. PX58<br>✗ C. PX59<br>✗ D. PW59 | |

**Q.78** निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 7 & & # 3 3 # 9 1 4 € 4 # # 7 £ $ 4 © 9 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✔ A. 3
- ✘ B. 4
- ✘ C. 2
- ✘ D. 5

**Q.79** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)।

(बाएं) 4 3 5 1 2 9 8 9 4 7 7 4 5 4 8 5 6 2 4 7 3 3 4 6 3 7 5 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं (बाएं से दाएं) हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

**Ans**
- ✘ A. 4
- ✘ B. 2
- ✔ C. 3
- ✘ D. 5

**Q.80** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ रेल, कार हैं।
कोई कार, बस नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ रेल, बस हैं।
(II) कुछ कार, रेल हैं।

**Ans**
- ✔ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

## Section : General Awareness and Current Affairs

**Q.81** निम्नलिखित में से कौन-सा स्पोर्ट्स, 2025 लॉरियस इंडिविजुअल अवॉर्ड विजेताओं में शामिल नहीं है?

**Ans**
- ✔ A. क्रिकेट
- ✘ B. सर्फिंग
- ✘ C. जिम्नास्टिक
- ✘ D. टेनिस

**Q.82** आंध्र प्रदेश के गुंटूर में 2025 में किस परियोजना के तहत घर-घर जाकर कचरा संग्रहण के लिए 200 से अधिक इलेक्ट्रिक ऑटो आवंटित किए गए?

**Ans**
- ✔ A. सस्टेनेबल सिटीज इंटीग्रेटेड पायलट अप्रोच (Sustainable Cities Integrated Pilot Approach)
- ✘ B. क्लीन सिटीज मिशन (Clean Cities Mission)
- ✘ C. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (National Urban Livelihoods Mission)
- ✘ D. स्मार्ट सिटीज मिशन (Smart Cities Mission)

**Q.83** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने का एक वैश्विक दिवस है। यह निम्नलिखित में से किस तिथि को मनाया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. 20 नवंबर
- ✗ B. 16 जून
- ✓ C. 8 मार्च
- ✗ D. 21 सितंबर

**Q.84** जून 2025 में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**Ans**
- ✗ A. अरविंद सुब्रमण्यन
- ✗ B. विजय केलकर
- ✓ C. महेंद्र देव
- ✗ D. पूनम गुप्ता

**Q.85** आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 किस महीने में प्रस्तुत किया गया?

**Ans**
- ✓ A. जनवरी 2025
- ✗ B. मार्च 2025
- ✗ C. अप्रैल 2025
- ✗ D. फरवरी 2025

**Q.86** जून 2025 के समाचार अपडेट के अनुसार, डैन ब्राउन की नई रॉबर्ट लैंगडन (Robert Langdon) थ्रिलर द सीक्रेट ऑफ सीक्रेट्स (The Secret of Secrets) किस तारीख को प्रकाशित हुई/ होने वाली है?

**Ans**
- ✗ A. 13 मई 2025
- ✗ B. 25 मार्च 2025
- ✗ C. 18 नवंबर 2025
- ✓ D. 9 सितंबर 2025

**Q.87** जुलाई 2025 में लॉन्च की गई ISRO के नेतृत्व वाली इन राष्ट्रीय पहलों में से कौन-सी पहल, भारत की पृथ्वी अवलोकन और निगरानी क्षमताओं को मजबूत करते हुए अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है?

**Ans**
- ✗ A. आदित्य-L2
- ✗ B. गगनयान
- ✓ C. NISAR
- ✗ D. GSAT-12

**Q.88** निम्नलिखित में से कौन-सा विधेयक, राष्ट्रीय खेल संगठनों को मान्यता प्रदान करने और उनके संचालन की निगरानी करने के उद्देश्य से 12 अगस्त 2025 को राज्यसभा द्वारा अनुमोदित किया गया था?

**Ans**
- ✗ A. ओलंपिक एंड स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेशन बिल, 2025 (Olympic and Sports Administration Bill, 2025)
- ✓ B. नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 (National Sports Governance Bill, 2025)
- ✗ C. स्पोर्ट्स रेगुलेशन एंड मैनेजमेंट बिल, 2025 (Sports Regulation and Management Bill, 2025)
- ✗ D. नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन बिल, 2025 (National Sports Promotion Bill, 2025)

**Q.89** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया ने किस टीम के खिलाफ 356/5 का सर्वोच्च सफल लक्ष्य हासिल किया?

**Ans**
- ✓ A. इंगलैंड
- ✗ B. दक्षिण अफ्रीका
- ✗ C. भारत
- ✗ D. अफ़ग़ानिस्तान

| | |
|---|---|
| Q.90 | 2025 में कितने पद्म विभूषण पुरस्कार दिए गए? |
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✗ C. 10 |
| | ✓ D. 7 |

| | |
|---|---|
| Q.91 | 8 जनवरी 2025 को भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि कौन थे? |
| Ans | ✓ A. डॉ. देव प्रगद |
| | ✗ B. एच. ई. प्रविंद जगन्नाथ |
| | ✗ C. मीनाक्षी लेखी |
| | ✗ D. सुंदर पिचाई |

| | |
|---|---|
| Q.92 | 20 अगस्त 2025 को लोकसभा में पेश संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक के अनुसार, भ्रष्टाचार या गंभीर आरोपों के मामले में लगातार कितने दिनों तक हिरासत में रहने पर किसी भी केंद्रीय या राज्य मंत्री को उसके पद से हटा दिया जाएगा? |
| Ans | ✗ A. 20 दिन |
| | ✗ B. 45 दिन |
| | ✗ C. 15 दिन |
| | ✓ D. 30 दिन |

| | |
|---|---|
| Q.93 | निम्नलिखित में से किस राज्य ने जून 2025 में महिलाओं और बच्चों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित साइबर अपराध सुरक्षा शुरू की? |
| Ans | ✓ A. महाराष्ट्र |
| | ✗ B. ओडिशा |
| | ✗ C. गुजरात |
| | ✗ D. केरल |

| | |
|---|---|
| Q.94 | निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य जून 2025 में ULLAS स्कीम के तहत 'पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता (Full Functional Literacy)' हासिल करने वाला भारत का तीसरा राज्य बन गया है? |
| Ans | ✗ A. मिजोरम |
| | ✗ B. केरल |
| | ✓ C. त्रिपुरा |
| | ✗ D. गोवा |

| | |
|---|---|
| Q.95 | भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता के रूप में प्रसिद्ध, किस व्यक्ति को जनवरी 2025 में अर्जुन लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✓ A. मुरलीकांत पेटकर |
| | ✗ B. मरियप्पन थंगावेलू |
| | ✗ C. दीपा मलिक |
| | ✗ D. देवेंद्र झाझरिया |

| | |
|---|---|
| Q.96 | अप्रैल 2025 में गुजरात के गोदाम में हुए विस्फोट का क्या कारण था? |
| Ans | ✗ A. गैस रिसाव |
| | ✗ B. रासायनिक अग्नि |
| | ✓ C. ऐलुमिनियम पाउडर विस्फोट |
| | ✗ D. पावर ग्रिड से शॉर्ट सर्किट |

**Q.97** नवंबर 2024 में, चीन के, जिंगशान में आयोजित, वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप 2024 के फाइनल में तनुश्री पांडे को किसने हराया?

**Ans**
- ✗ A. युकी तनाका (Yuki Tanaka)
- ✓ B. चियांग मिन यू (Chiang Min Yu)
- ✗ C. लियू वेई (Liu Wei)
- ✗ D. किम सू जिन (Kim Soo Jin)

**Q.98** फिनलैंड स्थित सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (CREA) के अनुसार, भारत के किस शहर में अक्टूबर 2025 में सबसे अधिक प्रदूषण स्तर दर्ज किया गया, जिसमें मासिक PM2.5 औसत 123 μg/m$^3$ था?

**Ans**
- ✗ A. गुरूग्राम
- ✗ B. दिल्ली
- ✗ C. नोएडा
- ✓ D. धारूहेड़ा

**Q.99** भारतीय चाय बोर्ड द्वारा संकलित और मार्च 2025 में रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत किस देश को पछाड़कर 2024 में दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक बन गया?

**Ans**
- ✓ A. श्रीलंका
- ✗ B. चीन
- ✗ C. वियतनाम
- ✗ D. केन्या

**Q.100** नवंबर 2025 में प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थलों की वैश्विक समीक्षा में अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) द्वारा निम्नलिखित में से किसे 'अच्छा (Good)' के रूप में रेटिंग दी गई?

**Ans**
- ✗ A. सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ B. नंदा देवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान
- ✓ C. कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ D. ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क संरक्षण क्षेत्र

"